तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 दिसंबर 2024

12 अभिभावकों को बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने किया ...



12 सेक्टर स्तरीय हैण्डबॉल महिला-पुरुष प्रतियोगिता...





## खबर संक्षेप

### रसोइयां करेंगी विधायक सिन्हा का सम्मान

**महासमुंद।** घायल रसोइया की मदद करने पर विधायक द्वारा की गई मदद के चलते प्रदेश रसोइयां संघ द्वारा विधायक राजू सिन्हा का सम्मान किए जाने की रुपरेखा तय की गई है। आगामी 15 दिसंबर को रसोइयां महासंघ की प्रांत प्रमुख नीलू ओगरे द्वारा विधायक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश की समस्त 87500 रसोइयों का समर्थन दिया गया है। बता दें कि विधायक सिन्हा द्वारा घायल रसोइया बहन को स्वनिधि मद से 50 हजार की आर्थिक मदद पहुंचाई गई। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त रसोइयों द्वारा विधायक को एक ज्ञापन पत्र भी मुख्यमंत्री के नाम से सौंपा जाएगा। जिसमें पूर्व में की गई मांगों का स्मरण कराया जाएगा। ताकि यथासंभव कार्यवाही के लिए विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को प्रेषित हो। कार्यक्रम बागबाहरा रोड स्थित शंकराचार्य भवन में संपन्न होगा।

### पिथौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पिथौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 दिसंबर 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध होंगी। जिसमें रक्तचाप (बीपी), शुगर, सिकल सेल, कुष्ठ रोग, हीमोग्लोबिन की जांच, टीबी स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण एवं टीकाकरण तथा उपलब्ध संसाधनों के आधार पर अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ, डॉ. बीबी कोसरिया ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं। यह शिविर पूरी तरह से निःशुल्क है और इसका उद्देश्य जनसामान्य को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### जिला स्तरीय रिव्यू समिति की बैठक 19 को

**महासमुंद।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय रिव्यू समिति की बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में 19 दिसम्बर को होगी। बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में शाम 4:30 बजे से आयोजित होगी। बैठक में जिले के बैंकिंग विकास के आंकड़ों की समीक्षा की जाएगी। शैक्षिक ऋण स्वीकृति, मुद्रा लोन प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत पात्र खाता धारकों के नामांकन को बढ़ाने, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, मुद्रा योजना, क्रेडिट कार्ड एवं शासन द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी बैंकर्स एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

# केंद्रों में धान जाम की स्थिति, उठाव में तेजी नही आई तो प्रभावित होगी खरीदी

## संग्रहण केंद्र भेजा जा रहा धान, मिलरों का पंजीयन और अनुबंध कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राईस मिलरों को शासन से मिले आश्वासन के बाद उठाव के लिए डीओ जारी होने का कार्य तो शुरु हो गया। लेकिन, उठाव की धीमी गति के चलते स्थिति यह है कि तेजी से उठाव नही हुआ तो जल्द ही जिले के 20-25 धान खरीदी केंद्रो में धान खरीदी बाधित हो सकती है। बता दें कि जो रफ्तार खरीदी की है उस रफ्तार से उठाव नही हो रहा। वहीं धान की अधिक मौजूदगी समितियों के लिए भी नुकसानदायक साबित होगी।

जिले के 182 धान उपार्जन केन्द्रों में से 118 उपार्जन केंद्र ऐसे हैं जहां बफर लिमिट से अधिक खरीदी हो गई है। इनमें से भी 20-25 ऐसे उपार्जन केन्द्र हैं जहाँ यदि आज-कल में तेजी से उठाव नहीं हुआ तो धान खरीदी बंद हो सकती है।

### समितियों की बढ़ी मुश्किलें

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बताया कि धान खरीदी के दौरान शासन के निर्देशों के तहत किसानों से 17% नमी के मान से धान खरीदी समितियों द्वारा की जाती है। कड़ी धूप एवं लेटलतीफी परिवहन व्यवस्था के चलते धान सूख जाता है। जिसका सीधा असर समितियों पर पड़ेगा। शासन द्वारा समितियों को धान खरीद पर कोई सूखत मान्य न होने के चलते धान की खरीदी समितियों के लिए मुश्किलें बढ़ जाती है।



### पहले देरी, अब धीमी गति से हो रहा उठाव

जिले में 10 दिसंबर तक कुल 298879.84 टन धान की खरीदी की जा चुकी है। लेकिन मात्र 4319.60 टन ही धान का उठाव हो पाया है और उपार्जन केन्द्रों में 294560.44 टन धान पड़ा है।

### बंफर लिमिट से अधिक खरीदी

जिला विपणन अधिकारी टिकेंद्र राठौर की मानें तो बंफर लिमिट से अधिक धान खरीदी अब तक किसी केंद्र में नही हुई है। उपार्जन केन्द्रों में धान जाम की स्थिति बन रही है उन्हें चिन्हांकित कर धान के उठाव में तेजी लाई जा रही है। जिले में प्रतिदिन 150 गाडियां उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव कर संग्रहण केन्द्र में भेजी जा रही है। इधर, राइस मिलरों से पंजीयन और अनुबंध जारी है। खरीदी प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।

बता दें कि 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेचने 1 लाख 62 हजार 323 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिले में 130 समितियों के 182 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। जिले को इस वर्ष 12 लाख 45 हजार 963 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य मिला है। मंगलवार तक जिले के 59 हजार 177 किसानों से कुल 298879.84 टन धान की खरीदी की जा चुकी है। नवंबर के आखिरी सप्ताह के बाद जिले में धान कटाई तेजी से शुरू हुई। जिसके साथ ही दिसंबर से धान उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने किसान पहुंच रहे हैं और किसानों से समितियों में लगातार धान खरीदा जा रहा है। 14 नवंबर से 29 नवंबर तक इन 16 दिनों में जहाँ धान बेचने वाले किसानों की 30839 थी वहीं दिसंबर के शुरूआती 10 दिनों में यह संख्या बढ़कर 59177 हो गई। यानि मात्र 10 दिनों में ही 28338 किसानों ने उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर धान बेचा है और अभी तो 103146 किसानों द्वारा धान बेचा जाना शेष है।

## अव्यवस्था: शहर में गंदगी और जगह-जगह लगा कचरे का अंबार

# पालिका के कई विभागों में ताले भी नहीं खुले, नागरिक मायूस लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में न बुधवार को न सफाई हुई

- प्लेसमेंट कर्मी और स्वच्छता दीदियां के बाद नियमित कर्मचारियों ने भी खोल दिया मोर्चा

न घरों से कचरा उठाया गया और न ही पालिका दफ्तर के विभिन्न विभागों में ताले खुले। प्लेसमेंट कर्मी और स्वच्छता दीदीयों के बाद मंगलवार से पालिका के नियमित कर्मचारी भी अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इससे पालिका परिसर में सन्नाटा पसरा रहा और कई विभागों में तो ताले तक नही खुले, वहीं अपने आवश्यक कार्यों के लिए पहुंच रही जनता तो मायूस होकर लौटना पड़ा। बता दें कि नियमित कर्मचारी लंबित वेतन भुगतान सहित 1 तारीख को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान, नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका पद्धति शीघ्र ही समाप्त करने, नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र लागू करने, नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवार के सदस्यों को अनुकम्पा नियुक्ति दिए जाने, नगरीय निकायों में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नत किए जाने, छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर राशि का भुगतान की मांग को लेकर आज से पालिका के नियमित कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। नव नियुक्त कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने बताया कि पूर्व में हड़ताल के दौरान विभागीय मंत्री अरुण साहू ने एक तारीख को वेतन भुगतान करने नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिया था। जिसके बाद हड़ताल स्थगित की गई थी। बावजूद आज तक समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे नगरीय निकाय के कर्मचारियों में रोष है।



### बैरंग लौट रही जनता

प्लेसमेंट कर्मचारी फिर स्वच्छता दीदियां और अब नियमित कर्मचारियों की हड़ताल से शहर में साफ-सफाई, बिजली, पानी, टैक्स वसूली के साथ ही जनता के काम पूरी तरह से ठप्प हो गया है। आज पालिका में पीएम आवास, राशन कार्ड बनवाने, जन्म और मृत्य प्रमाण पत्र बनवाने, आधार कार्ड में सुधार सहित अन्य कार्यों के लिए नागरिक पहुंचे तो उन्हें सभी ताला लगा मिला और बिना काम कराए बैरंग लौटना पड़ा।

### सड़क में लगा कचरे का ढेर

नियमित सफाई कर्मियों की हड़ताल से सड़क में कचरा बिखरा नजर आया। वहीं घरों से भी कचरा कलेक्शन नही हुआ जिससे घरों से भी कचरा बाहर सड़क और नालियों में फेंका गया। इधर, झाड़ू नही लगने से चहुं ओर गंदगी बिखरी नजर आई। बता दें कि प्रदेश की 9 हजार 800 स्वच्छता दीदियां हड़ताल कर रहीं हैं। इसमें महासमुंद की 117 दीदियां शामिल हैं। मणिकांचन केंद्र की स्वच्छता प्रभारी रमा महानंद ने बताया कि कलेक्टर दर, ईपीएफ राशि तथा साप्ताहिक अवकाश की मांग को लेकर पूर्व में हड़ताल की गई थी। लेकिन, शासन द्वारा आश्वासन देने के बाद किसी भी तरह की पहल नहीं की गई। बताया गया कि स्वच्छता दीदीयां प्रतिदिन रिक्शे से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करती है। एक भी दिन छुट्टी नहीं मिलने की वजह से उन्हें अपने छोटे बच्चों, परिवार के दायित्व तथा घर के कार्यों को निपटाने का भी समय नहीं मिल पाता। इस बार वे आर-पार की लड़ाई लड़ने मैदान पर उतरीं हैं।

# 23 लाख रुपए का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पुलिस ने जिले की सीमावर्ती क्षेत्र सिंघोड़ा में करीब डेढ़ सौ किलो गांजा जब्त किया। जब्त गांजे की कीमत लगभग 23 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी ओडिशा से गांजा खरीदकर उत्तरप्रदेश खपाने ले जा रहे थे, तभी वे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। स्थानीय पुलिस ने फिलहाल इस मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया है। बता दें कि यह कार्रवाई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व सिंघोड़ा पुलिस ने की है।

साल के अंतिम माह में यह गांजा तस्करी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। हाल ही में खल्लारी पुलिस ने 29 किलो गांजे के साथ दो को गिरफ्तार किया था। जिसे वे रायपुर के गोकुल नगर टिकरापारा निवासी नसीम मोहम्मद उर्फ इरफान को सप्लाई करने वाले थे। बता दें कि इस वर्ष जनवरी से 8 दिसंबर तक की स्थिति में गांजा के 116 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिनमें 210 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अफीम में दो और नशीली दवाईयों की तस्करी मामले में 3 मामले दर्ज हुए हैं। जिले में इस वर्ष अब तक 5 हजार 412 किलो गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 18 करोड़ 59 लाख 13 हजार 210 रुपए आंकी गई है। वहीं गांजा के इन मामलों में 90 वाहन जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत 3 करोड़ 3 लाख 35 हजार रुपए हैं।

# अनियमितता के मामले में जिससे वसूली के आदेश, उसी को ही बना दिया प्राचार्य

**नर्रा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बागबाहरा में ही कार्यरत गजराज पांडे पूर्व प्राचार्य शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक शाला नर्रा को प्राचार्य मधु सिरमौर के स्थान पर प्राचार्य बनाया गया है। पांडे के शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में प्रभारी प्राचार्य रहते जिला शिक्षा अधिकारी ने आर्थिक अनियमितता का दोषी मानते हुए 120623.00 रुपए की राशि वसूली का आदेश जारी किया है किंतु आज 4 वर्ष उपरांत भी विभाग उक्त राशि की वसूली नहीं कर पाया है। अब उक्त व्याख्याता को ही पीएमश्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बागबाहरा का प्राचार्य बनाया है। सूत्रों से ज्ञात हुआ कि, पूर्व प्राचार्य से पदभार प्राप्त करते ही गजराज पांडे ने अपने ही स्कूल के पूर्व प्राचार्य मधु सिरमौर की लिखित शिकायत भी जिला शिक्षा अधिकारी से कर दी है। स्कूल के स्टाफ में मनमुटाव का परिणाम छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। बागबाहरा बीइओ कौशल कुमार वर्मा से इस संबध मे जानकारी लेने पर उन्होने कहा कि मुझे जानकारी नही है। पूर्व प्राचार्य गजराज पांडे से संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु संपर्क नही हुआ। वहीं वर्तमान प्रभारी प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी ने कहा कि कि आज तक अनिमितता की राशि जमा नही की गई है।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेशानुसार बेमचा स्थित जिला जेल का अंडर ट्रायल रिव्यु कमेटी द्वारा बुधवार को निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, सदस्य कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, सदस्य सदस्य पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय, कमेटी सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा और जिला जेल के जेल अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा विषेश रूप से उपस्थित रहे। कमेटी ने जिला जेल के अधोसंरचनाओं का गहन जायजा लिया। इसके अलावा बंदियों की आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था एवं उनके गुणवत्ता, जेल परिसरों की साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, मनोरंजन के साधनों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा अभिरक्षाधीन बंदियों को दिए जाने वाली विधिक सहायता के बारे में बंदियों से चर्चा की गई तथा उनके प्रकरणों में पैरवी के लिए अपने निजी अधिवक्ताओं तथा प्राधिकरण द्वारा स्थापित एलएडीसीएस द्वारा क्रिमीनल प्रकरणों में दिए जाने वाले विधिक सहायता के बारे में जानकारी ली।

### अनशन कर रहे पंकज का तुड़वाया अनशन

कमेटी के सदस्यों ने जेल में परिरूद्ध विचाराधीन बंदी पंकज साहू पिता फूलचंद साहू का अनशन तुड़वाया। कमेटी ने जेल की संपूर्ण व्यवस्था ठीक पाई। कमेटी ने प्रमुख रूप से जेल विस्तारीकरण हेतु जमीन हस्तांतरण, नए बैरकों के निर्माण, आधुनिक विडियो कांफ्रेसिंग रूम, आधुनिक मुलाकात कक्ष, बंदियों के कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था, सरायपाली में 300 क्षमता के उप जेल निर्माण के संबंध में भूमि हस्तांतरण एवं जेल निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## 10वीं-12 वीं बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी घोषित, शिक्षा विभाग ने शुरू की तैयारियां

# प्री-बोर्ड परीक्षा देकर अपनी मेहनत का आंकलन करेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वी-12वीं बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी गुरुवार को घोषित कर दी है। साथ ही बोर्ड ने परीक्षा की आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी है। 12 वीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक व 10 वीं की परीक्षा तीन से 24 मार्च तक चलेगी। बोर्ड परीक्षा से पहले विद्यार्थी प्री-बोर्ड परीक्षा में अपनी सालभर की पढ़ाई का आंकलन करेंगे।

बता दें कि बोर्ड परीक्षा के लिए दसवीं और बारहवीं के नियमित तथा स्वाध्यायी विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया के बाद बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू हो गयी है। सोमवार को दोनों ही बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी घोषित की गई।12वीं की परीक्षा एक मार्च को हिन्दी विषय से चालू होगी। वहीं 10वीं की भी हिन्दी विषय के साथ परीक्षा तीन मार्च से शुरू होगी। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा सुबह 9 से शुरू होकर दोपहर 12:15 तक चलेगी। मालूम हो कि माशिमं ने प्रेक्टिकल परीक्षा की तिथि पहले ही घोषित कर दी है। दोनों कक्षाओं की प्रेक्टिकल परीक्षा 10 जनवरी से 31 जनवरी के बीच होगी। इस दौरान सभी स्कूल अपनी सुविधानुसार प्रेक्टिकल परीक्षा आयोजित करेंगे। इस बीच गत गुरूवार को संचालक लोक शिक्षण ने बोर्ड परीक्षा से पहले प्री- बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी। अब 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा से पहले प्री-बोर्ड में अपनी सालभर की पढ़ाई का आंकलन करेंगे और उसी के आधार पर बोर्ड परीक्षा की तैयारी करेंगे। प्री-बोर्ड की जारी समय सारिणी के अनुसार दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा 20 जनवरी से प्रारंभ होकर 29 जनवरी को समाप्त होगी।




### पिछले साल 24 हजार से अधिक ने दी थी बोर्ड परीक्षा

मालूम हो कि जिले में सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं के लिए 14127 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 13927 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिले में 5041 छात्र और 6672 छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इस तरह 80.83 प्रतिशत छात्र व 86.88 छात्राओं ने सफलता हासिल की थी। कुल परीक्षा परिणाम 84.17 प्रतिशत रहा। इनमें चार विद्यार्थियों ने टॉप 10 में जगह बनाई।

इसी प्रकार जिले में कक्षा 12वीं में 10428 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 10348 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 3907 छात्र और 5569 छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.89 प्रतिशत व बालिकाओं का 93.62 प्रतिशत रहा। इस तरह जिले में 12वीं का परीक्षा परिणाम 91.61 प्रतिशत रहा।

आवश्यकता है
हरिभूमि
महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में
रिपोर्टर (2 पद)
के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
अनुभवी को प्राथमिकता
(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
-संपर्क करें-
99811-31365
Email-haribhoomi.msmd@gmail.com
हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप



### समुद्र मंथन और वामन अवतार की कथा सुनाई

**रायपुर।** रायपुरा चंगोराभाटा में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसर दिन मंगलवार को पंडित झम्मन शास्त्री ने समुद्र मंथन एवं वामन अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने आगे कहा कि, भागवत कथा आयोजन कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं है यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है, लेकिन आजकल के कथाकार व्यास पीठ की मर्यादाएं लाग रहे हैं, श्रीमद् भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को मनोरंजन का साधन बनाकर नाच गाना कर रहे हैं, इसके लिए श्रद्धालु दोषी नहीं है, व्यास पीठ के महत्व नहीं समझना और अल्पज्ञ कथाकार ही इसके दोषी हैं। भागवत श्रद्धा का विषय है, इसे शुद्ध हृदय से सांसारिक बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए।

### वेतन बढ़ाने डिप्टी सीएम से मिला आईपीए



**रायपुर।** पांच केंद्रीय सहित तमाम उपजेलों में पदस्थ फार्मासिस्टों की वेतन विसंगति दूर करने आईपीए के प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री एवं डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मुलाकात की। उन्हें बताया गया कि जेलों में कार्यरत फार्मासिस्ट का ग्रेड पे 1900 है जिसे स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट ग्रेड 2 के बराबर 2400 किया जाना चाहिए। राज्य शासन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के वेतन विसंगति को दूर करने पिंगुवा कमेटी का गठन किया है। पूर्व में जेल और स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट का वेतन समरूप किए जाने आईपीए ने गृह सचिव को पत्राचार किया था। जेल फार्मासिस्ट भर्ती नियम में शैक्षणिक योग्यता कालम में त्रुटि सुधार किया गया मगर वेतन विसंगति को दूर नहीं किया गया। प्रतिनिधि मंडल में आईपीए के राज्य संयोजक फार्मासिस्ट वैभव शास्त्री , जेल फार्मासिस्ट योगिता गोस्वामी और रायपुर जिला अध्यक्ष तिनेंद्र साहू उपस्थित थे।

### आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान के लिए चयन प्रक्रिया शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान की महत्वपूर्ण प्रतिष्ठा है। छत्तीसगढ़ में यह सम्मान प्रदान करने का सिलसिला 2013 से जारी है और अब तक छग सहित देश के 5 राज्यों की कुल 33 सर्वश्रेष्ठ महिला पत्रकार को प्रदेश के प्रतिष्ठत अतिथियों के सानिध्य में सम्मानित किया जा चुका है। इसी कड़ी में आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान से वर्ष-2025 के लिए महिला पत्रकारों के चयन एवं महिला पत्रकारों से सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। इस सम्मान के चयन के लिए 'जज पैनल' में वरिष्ठ पत्रकार संदीप तिवारी 'राज', बो डो निजामी, टी सूर्याराव, अविनाश ठाकुर, विष्णु पांडे, पूर्णिमा शुक्ला, जितेंद्रिय महापात्र, रविंद्र कुमार, शशांक दुबे, प्रीति सोनी, अनिल आहूजा, निशा मसीह, मिन्हाज कुरैशी एवं आसिफ इकचाल का समावेश है।

### प्लेसमेंट कर्मचारियों ने नगरीय निकाय मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज रायपुर
छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितिकालीन हड़ताल पर हैं। मंगलवार को कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री अरुण साव मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। विभागीय मंत्री ने प्लेमसेंट कर्मचारियों की मांगों पर उचित निर्णय लेने का भरोसा दिलाया है। दरअसल, प्रदेश के 14 नगर निगमों, 50 नगर पालिका और 120 नगर पंचायतों में कार्य करने वाले 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी शासन के अन्य विभाग पीएचई, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग की तर्ज पर नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद करने की मांग कर रहे हैं।

## अग्निवीर में चयन, लोकेश का स्वागत..



**बागबाहरा।** अग्निवीर में चयनित होने के पश्चात ट्रैनिंग पूर्ण करने के बाद कुसमी ग्राम के लोकेश साहू पिता नन्दकुमार साहू का प्रथम बागबाहरा आगमन पर मण्डल अध्यक्ष प्रेम साहू के नेतृत्व में अग्निवीर लोकेश साहू का सब्जी मंडी में स्वागत किया गया। प्रेम ने बताया कि सब्जी बेचते बेचते लोकेश ने काफी मेहनत की जिसका परिणाम है कि हमारे बीच का युवा अग्निविर बना। इस दौरान आकाश जैन, बलराम ठाकुर, गुंजन गोलछा, मदन देवांगन, नारायण तांडी, हरमीत बग्गा, तिलेश्वर साहू, गोविंद पटेल, छगन साहू, जितेंद साहू, दशरथ पंडा, राधे साहू, मनोज नायक, भुनेश्वर सबर, रामभरोसा, पप्पू, सतीश शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला, वीरू, डब्बू, सोहन, ललित पटेल, फलेश निषाद, पंकज निषाद आदि मौजूद रहे।

# छग सरकार का एक वर्ष पूरा, स्वामी आत्मानंद स्कूल में अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने एवं मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कोमाखान में सोमवार को शाला विकास समिति अध्यक्ष हिरेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में विविध सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नितिन जैन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी, प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद प्रतियोगिता जैसी कई रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। अतिथियों ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ,



महतारी वंदन योजना, महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, स्वरोजगार, साइकिल योजना जैसे सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के प्रयासों को सराहा। इसके अलावा 10 दिसंबर को मनाए जाने वाले मानव अधिकार दिवस के अवसर पर कक्षा 9वीं के छात्र समीर और छात्रा देविका ने पोस्टर के माध्यम से मानव अधिकारों के महत्व को समझाया। कक्षा 10वीं की छात्रा भारती जांगड़े ने मानव अधिकार दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की व्याख्याता स्वाति सोनी ने किया। इस दौरान प्राचार्य हीरासिंग नायक ने सरकार गठन के एक वर्ष पूरे होने पर सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता कुमत राम ध्रुव, सुषमा बड़ा, अमरीका साहू, सीताराम साहू, मधुलाल गायकवाड, हिरेंद्र देवांगन, सुनील कुमार शुक्ला, विजय कुमार वर्मा, हेराल्ड सिन्हा, कविता चंद्राकर, टोकेश्वरी धीवर, कुसुमलता साव, सना मुमताज आदि शिक्षकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी तरह आश्रम छात्रावास में भी खेलकूद, क्विज एवं अन्य स्पर्ध का आयोजन किया गया।



### सुशासन दिवस पर कौशल विकास योजना के अंतर्गत हुए विभिन्न कार्यक्रम

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, भाषण, कविता पाठ और पूर्व प्रशिक्षित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच साहू ने प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित कर हर्ष जताया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। साथ ही एवीएम सेंटर के आसपास की सफाई कर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। युवाओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं संस्था संचालकों ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी युवाओं को प्रदान की और उन्हें अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रशिक्षक एवं महिला प्रशिक्षणार्थी मौजूद थी।

## रीजनल स्टेट प्रतियोगिता में भी प्रगति ने चैंपियन का खिताब व नगद पुरस्कार किया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सिप अकेडमी द्वारा एजीसी सीजन-9 छग रीजनल स्टेट प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर के सड्डू में किया गया था। जिसमें सरायपाली शहर के 4 स्कूल केजी कान्वेंट, प्रतिभा पब्लिक, केपी इंटरनेशनल एवं सेंट विंसेंट पैलोटी के बच्चे अर्थमेटिक जिनियस कांटेस्ट में भाग लेकर चयनित छात्र राउण्ड -3 स्टेट लेवल के लिए भाग लिया। जिसमें एसआईपी अबेकस के कक्षा चौथी से अर्श अग्रवाल एवं कक्षा तीसरी से प्रगति दास चैंपियन का खिताब अपने नाम कर दस हजार रुपये का पुरस्कार भी प्राप्त किया गया।

ज्ञात हो कि अधिवक्ता संघ सरायपाली के सचिव राजेंद्र दास व




रश्मि दास की पुत्री प्रगति दास जो कि कलकत्ता महानगर में आयोजित इंटरनेशनल प्रतियोगिता में प्रगति दास ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया गया है। कक्षा पांचवीं से अहद अमन दूसरे स्थान प्राप्त कर 7 हजार, कक्षा दूसरी से दुर्वेश राज पटेल तीसरे स्थान प्राप्त कर 5 हजार रुपए का पुरस्कार अपने नाम किया। एवं कक्षा चौथी से राजवीर भोई ने थर्ड रनर अप का खिताब अपने नाम कर सरायपाली अबेकस सेंटर, अपने माता-पिता सहित सरायपाली का गौरव बढ़ाया। अबेकस के बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और एलसीएल राखी पाणिग्रही के मार्गदर्शन से लगातार सफलता हासिल करते आ रहे हैं। विगत दिनों कोलकाता में आयोजित एंटरनेटनल प्रोडिजी में भी विभिन्न लेवल में अर्श अग्रवाल फर्स्ट रनर अप, प्रगति दास थर्ड रनर अप, संध्या यादव थर्ड रनर अप एवं अन्य 12 बच्चों ने परफार्मेंस अवार्ड प्राप्त किया था। इन बच्चों की सफलता में अबेकस सेंटर के टीचर्स ललिता अग्रवाल, सुमन यादव, बिंदु जयसवाल एवं अमृता सिंह राजपूत का सराहनीय योगदान रहा। विजेताओं का एजिसी राउंड 4 नेशनल लेवल चेन्नई में 28 जनवरी को होना है जिसके लिए अबेकस सेंटर के स्टेट हेड गुरमीत सिंह चावला ने हर्ष जताया है।

## महाविद्यालय में एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत हुई विविध प्रतियोगिता

**सरायपाली।** स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालयय के प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी यू के बरिहा के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम भूधर चौहान द्वितीय नंदिनी साहू और तृतीय स्थान पर अन्नू चौहान रहे। पोस्टर




प्रतियोगिता में प्रथम पायल साहू, द्वितीय अमृत बरिहा, तृतीय स्थान पर प्रीति प्रधान तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिमा पटेल एवं द्वितीय स्थान पर उमा साहू रहे। प्रतिभागियों ने एड्स के बचाव से संबंधित सुंदर एवं प्रेरक बातों को लिखकर जागरुकता का परिचय दिया। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी यू के बरिहा ने बताया कि एचआईवी एक वायरस है, जिसके कारण एड्स होता है। एड्स के बारे में जागरूक रहना ही बचाए का उपाय है। एड्स के रोकथाम के उपाय के बारे में भी बताया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने वीरेंद्र नगर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स के बचाव के प्रति जानकारी दी।

## जागृति शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला बाल विकास के परियोजना स्तरीय महिला जागृति शिविर में काली बाड़ी सेक्टर, संजय नगर सेक्टर, श्याम नगर सेक्टर, सदर बाजार सेक्टर, पुरानी बस्ती सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, विशिष्ट अतिथि पार्षद समीर अख्तर, पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव उपस्थित रहे। मंच से आमंत्रित अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद दुबे ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की अहम भूमिका रहती है, जो पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करती हैं। अपने उद्बोधन में देवेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य शासन की महतारी वंदन योजना को सफल



बनाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का रहा है, जिन्होंने मात्र कुछ ही दिनों में इस योजना का लाभ महिलाओं को दिलावाने में मदद की। वार्ड में कुपोषित बच्चो का सर्वे कर आंगनबाड़ी के माध्यम से उन बच्चों को सुपोषण आहार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका भी इन्हीं महिलाओं की रहती है। कार्यक्रम में अतिथियों के साथ महिला बाल विकास की सीडीपीओ प्रीति प्रसाद, सुपरवाईजर विजया राय चौधरी, कविता सिन्हा, अनीता त्रिपाठी, गुड्डी राय, रानू साहू, खिलेश्वरी साहू सहित क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

## दुर्गा चालीसा पाठ के माध्यम से ही अपने अवगुणों पर प्राप्त हो सकती है विजय : केशव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिध्दाश्रम धाम के संयुक्त तत्वावधान में सद्गुरुदेव परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के जन्म दिवस पर 5 घण्टे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ कर देवरी पिलवापाली में मनाया गया। भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों द्वारा समाज को नशामुक्त मांसाहार मुक्त बनाने घर घर 5 घण्टे का दुर्गा चालीसा पाठ, 24 घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ एवं एक घंटे का आरती क्रम निःशुल्क रूप से कराया जाता है। जिलाध्यक्ष केशव



योगभारती ने बताया कि माता भगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बे मां की साधना आराधना से ही अपने अवगुणों पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। मां की साधना ही सबसे सरल और सुगम है। लेकिन भ्रांतियों के कारण मां की साधना आराधना से समाज दूर हो गया है। उस भ्रांति को दूर कर भगवती मानव कल्याण संगठन धर्मरक्षा, राष्ट्ररक्षा, मानवता की सेवा का ज्ञान प्रदान कर रहा है। यह एक ऐसा संगठन है। जिसके सभी सदस्य नशामुक्त, मांसाहारमुक्त का जीवन जीते हुए समाज में यही संदेश दे रहे हैं। सद्गुरुदेव द्वारा अपने शिष्यों को यही प्रेरणा देकर शिष्यत्व ग्रहण कराते हैं।

जिससे मानव जीवन में स्वतः परिवर्तन आता है। देवरी, बांजीबहाल, मोंहदा, ढोड़, बरबसपुर, भतकुंदा, प्रेतनडीह, गोड़पाली, बोइरमाल लोहरकोट आदि गांवों में 5 घण्टे का चालीसा पाठ व बागबाहरा में 24 घंटे का अखण्ड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में मां भक्त उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किए।

**मंडी बोर्ड के परिणाम जारी**

## व्यापम ने तीन माह बाद फिर से मंगाई थी दावा-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राज्य कृषि विपणन अर्थात मंडी बोर्ड के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। व्यापम द्वारा इसके लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 25 फरवरी को किया गया था। सहायक संचालक के 2, वरिष्ठ सचिव के 10 तथा कनिष्ठ सचिव के 18 पदों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति की जाएगी। परीक्षा परिणाम व्यापम

- सहायक संचालक के 2, वरिष्ठ सचिव के 10 तथा कनिष्ठ सचिव के 18 पद शामिल




ने मंगलवार को अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। कैंडिडेट्स मांगी गई जानकारी देकर अपने परिणाम अपलोड कर सकते हैं। भर्ती के लिए व्यापम को प्रस्ताव 25 सिंतबर 2023 को प्राप्त हुआ था। इसके उपरांत विज्ञापन जारी कर 2024 में व्यापम ने परीक्षा आयाजित की। इस तरह से विज्ञापन जारी होने के एक वर्ष से अधिक समय पश्चात भर्ती संबंधित परिणाम घोषित किए जा सके हैं।

### तकनीकी त्रुटि से बंद हुआ था पोर्टल

व्यापम द्वारा 25 फरवरी को परीक्षा लेने के बाद एक मार्च को मॉडल आंसर जारी किए गए थे। 4 मार्च तक व्यापम ने दावा आपत्ति मांगी थी। इसके बाद जून में व्यापम ने दावा-आपत्ति के लिए पोर्टल फिर से खोल दिया था। 12 से 14 तक का समय कैंडिडेट्स को फिर से दावा आपत्ति दर्ज करने के लिए दिया गया था।

## ट्रांसपोर्टर का कारनामा, सप्लाई से पहले करता था स्पंज आयरन में मिलावट, शिकायत के बाद फूटा भांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में स्पंज आयरन के एक कारोबारी से ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगी करने वाला कोई और नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्टर निकला है जो कारोबारी के माल की ट्रांसपोर्टिंग करता है। माल को ट्रांसपोर्टिंग के दौरान ट्रांसपोर्टर माल को पहले अपने खुद के गोडाउन ले जाता था तथा उसमें से माल निकालकर उसकी जगह उसमें खराब माल मिलाकर उसकी सप्लाई करता था। इस खेल का भांडा तब फूटा, जब माल लेने वाले ने खराब माल मिलने की शिकायत कारोबारी से की। कारोबारी ने अब इस मामले में खमतराई थाना में ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार समता कालोनी निवासी सुरेश केडिया का स्पंज आयरन का कारोबार है।

अपनी फैक्ट्री के लिए वह माल की ट्रांसपोर्टिंग अंकित केशरवानी से कराता था, जिसका गोडाउन गोंदवारा में है। सुरेश ने 150 टन स्पंज आयरन माल का ऑर्डर गोपाल स्पंज को दिया था, जिसकी ट्रांसपोर्टिंग अंकित केशरवानी ने की।

माल जब सुरेश की फैक्ट्री में गिरा, तो उसकी खराब क्वालिटी देखकर उसने इसकी जानकारी गोपाल स्पंज से की, जिस पर उसे जवाब मिला कि माल बिल्कुल सही भेजा गया है। इसके बाद सुरेश केडिया को ट्रांसपोर्टर पर शक हुआ, जिसके बाद उसने योजना के तहत एक दिन ट्रांसपोर्टर का पीछा किया, तो पता चला कि माल की सप्लाई से पहले वह माल को अपने गोडाउन ले गया जहां गाड़ी में लोड माल में बड़ी मात्रा में स्पंज आयरन निकाला और फिर उसमें आयरन डस्ट मिलाया। डस्ट मिलाने के बाद जब वह माल को सप्लाई करने के लिए गाड़ी चालू करा रहा था, तभी उसे मौके पर जाकर पकड़ा।

## कांग्रेस का आरोप- निगम प्रशासन टैक्स के नाम पर कर रहा दबाव पूर्वक वसूली




हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को रायपुर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 10 जोन का घेराव किया। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में जोन कमिश्नरों को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आवास सर्वे के नाम पर हो रही अनिमितताएं, बड़े कॉम्प्लेक्स से टैक्स वसूली ना करके छोटे एवं मध्य वर्गीय परिवार के लोगों को परेशान किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन के माध्यम ये कांग्रेस ने भाजपा नेताओं द्वारा अवैध निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद पार्षद निधि की राशि वार्डो में पिछले एक साल से नहीं दी जा रही है। वहीं भूमि पूजन करने के बाद भी अभी तक वार्डो मे विकास कार्य शुरू नही हो पाए हैं। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप, अवारा कुत्तों के आतंक जैसे तमाम मुद्दो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जोन कमिशनरो को सौंपे गए ज्ञापन में समस्या का तत्काल निराकरण करने की मांग की गई।

### उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, भाजपा सरकार बनने से निगम के जोनो मे किसी भी प्रकार का कार्य नही हो रहा है। आवास सर्वे के नाम पर लोगो से भेदभाव किया जा रहा है। इन सभी मुद्दों को लेकर चेतावनी दी गई की तत्काल इन समस्याओ का समाधान नही होता है तो आने वाले दिनो मे उग्र प्रदर्शन किया जायेगा।

## ख़बर संक्षेप

### परकोम में दो दिवसीय रामायण मेला 14 से

नर्रा। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम परकोमा में दो दिवसीय छग राज्य स्तरीय भव्य रामायण मेला का आयोजन 14 एवं 15 दिसंबर शनिवार और रविवार को किया गया है। आयोजक समिति के संरक्षक चिंतामणि चंद्राकर सरपंच अध्यक्ष खेमराज पटेल, उपाध्यक्ष ताम्रध्वज ठाकुर, उपाध्यक्ष परमेश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल पटेल, राजू पटेल, सचिव भोजराम पटेल, अश्वत दीवान, सलाहकार चंद्रकुमार पटेल, मुकेश चंद्रवंशी, प्रचार प्रभारी टकेश निर्मलकर, मीडिया प्रभारी लोकेश पटेल आदि ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्यारहवां वर्ष होने जा रहा है। जिसमें आमंत्रित मंडलियों द्वारा संगीतमय सारर्भित प्रवचन परमपिता परमात्मा श्रीरामचंद्र की अमृतमयी कथा का रसपान करने के लिए श्रद्धालुओं से अपील की गई है।

### विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव बागबाहरा एवं पिथौरा में आज

बागबाहरा। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण द्वारा युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन किया जा रहा हैं। युवा उत्सव 2024- 25 में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित है। विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा उत्सव में सम्मिलित होंगें। इसके साथ ही रॉकबैंड विधा के प्रतिभागी सीधे जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होंगें। युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकगीत, तथा लाइफ स्कील के अंतर्गत कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण एवं कविता, थिमैटिक विधा में विज्ञान मेला तथा युवा कृति के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल एवं कृषि उत्पाद आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

### आशु कवि डॉ. गोवर्धन को साहित्योदय सम्मान



कोमाखान। अंतर्राष्ट्रीय साहित्योदय संस्थान हरिद्वार द्वारा आयोजित साहित्य सम्मेलन में एक सौ पचास रचनाकारों की कृति शिवायन ग्रंथ का विमोचन हुआ। पूर्व में जन रामायण अयोध्या में कृष्णायन का सांझा संकलन के विमोचन वृंदावन में आयोजित किया गया। हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम में मूर्धन्य साहित्यकारों ने आशु कवि डॉ गोवर्धन बघेल को साहित्योदय सम्मान से सम्मानित किया गया। विदित हो कि बघेल बागबाहरा के टेडीनारा में जन्मे वर्तमान हायर सेकेंडरी स्कूल में लेखापाल के पद पर कार्यरत है। काव्य रचना हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी में करते है। उन्होंने देश और विदेश में भी जाकर छत्तीसगढ़ की सोंधी महक से अपनी पहचान बनाई। उन्होंने शिवायन की रचना हरिद्वार में की। जिसमें भगवान शिव के महिमा एवं बारह ज्योतिर्लिंगों को अपनी आशु रचना से मुग्ध किया।

## आयोजन : पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम हुआ

# स्कूलों में छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति से कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आशय में महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन में महासमुंद ब्लॉक के 9 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया है। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ मालती तिवारी सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र, सहायक नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, सहायक नोडल अधिकारी डॉ ईपी चेलक सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान चलाया गया।

अभियान के द्वितीय दिवस 11 दिसंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में 11वी एवं 12वीं के विद्यार्थी को एनईपी 20 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। सभी विद्यालयों में डॉ. मालती तिवारी ने पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के उद्देश्य को बताते हुए 12वीं के बाद छात्र-छात्राओं को कला संकाय में प्रवेश लेते है तो संचालित विषयों में से 3 चयनित विषय को पढ़ाई करनी होगी। 12वीं के बाद पढ़ाई के क्षेत्र में नए सफर की शुरुआत हो जाती है, इसलिए आपको अच्छी पढ़ाई एवं मेहनत से शिक्षा ग्रहण करके आगे बढ़ना है। साथ ही एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस जैसे गतिविधि में भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते है और आगे बढ़ सकते हैं। डॉ. ईपी चेलक द्वारा विज्ञान संकाय में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम के विषयों को विस्तार से बताया गया। साथ ही मुख्य विषयों के साथ साथ वैल्यू एडिशन कोर्स की भी पढ़ाई छात्र-छात्राओं को करना है। जिसमें संचालित विषयों से संबंधित एक विषय का चयन कर उस क्षेत्र में आप अपना कैरियर को आगे बढ़ा सकते है। प्रो अजय कुमार राजा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। पहले की शिक्षा पद्धति और अभी की शिक्षा नीति में हुए अंतर को बताया गया। साथ ही बताया कि वार्षिक होने वाले पढ़ाई एवं परीक्षा अब सेमेस्टर पद्धति से पढ़ाया जाएगा। सेमेस्टर पद्धति से परीक्षा आयोजित हो रही है। साथ ही जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि मुख्य विषय के अलावा अन्य संकाय के मुख्य विषयों में से किसी एक विषय का चयन कर पढ़ाई कर सकते है। मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। द्वितीय दिवस में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी प्राचार्य जीएस कागजी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी प्राचार्य केएस सोरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी प्राचार्य शोभा सिंह देव को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित प्रश्नोत्तरी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक बिरकोनी से विद्यार्थी इमदार अहमद खान, मनीष जांगड़े 12 वीं कॉमर्स, सुनील साहू 12 मैथ्स, अमित परमार 12वीं बायो, डांगेश कुमार, अतुल कुमार साहू 11वी बायो, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोडा मेघा साहू 12 बायो, डाली 11 कॉमर्स, इंदू साहू 12 कॉमर्स, पूजा देवांगन 12 बायो, तनु साहू 12 कॉमर्स, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी से रश्मि साहू, रेशमा कंडरा 12 बायो, चित्ररेखा निषाद, ईशा सेन 12 कला संकाय, ओमप्रकाश साहू 12 कॉमर्स को सम्मानित किया गया।



**पोषक विद्यालय संपर्क अभियान में एनईपी 2020 में डीएससी, जीई, एईसी एवं वैल्यू एडेड कोर्स के बारे में बताया गया**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के जिला नोडल डॉ. मालती तिवारी, सहायक नोडल प्रो. अजय कुमार राजा, डॉ. ईपी चेलक को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र सहित सभी विद्यालय के स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# नांदगांव, परसट्टी और बरोंडाबाजार उल्लास केंद्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

असाक्षर को साक्षर बनाने के मुहिम को गति प्रधान करने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत विकासखंड महासमुंद में संचालित उल्लास केन्द्र का सघन निरीक्षण किया गया। एबीईओ व विकासखंड परियोजना अधिकारी विकासखंड साक्षरता मिशन समिति महासमुंद तारिका कुंजाम एवं नोडल अधिकारी विकासखंड साक्षरता मिशन समिति ईश्वर चंद्राकर द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार उल्लास केंद्र नांदगाँव, परसट्टी, बरोंडाबाजार का निरीक्षण किया गया। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास अंतर्गत एस आलोक सीईओ जिला पंचायत व उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकारण से प्राप्त निर्देश अनुसार उल्लास केंद्र नांदगाँव का निरीक्षण तारिका कुंजाम बीपीओ साक्षरता मिशन समिति एवं नोडल अधिकारी विकासखंड साक्षरता मिशन समिति महासमुंद ने किया गया। उल्लास केंद्र में पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी सहित 19 असाक्षर और 9 स्वयं सेवी शिक्षक उपस्थित मिले। असाक्षर प्रशिक्षार्थियों को उल्लास प्रवेशिक के माध्यम से चित्रों पर चर्चा करते हुए उनके अनुभव को जाने और उल्लास कार्यक्रम के महत्त्व को बताते हुए नियमित उपस्थिति और कक्षा संचालन के लिए कहा गया। पश्चात उल्लास केंद्र परसट्टी का अवलोकन किया गया। वहां 7 असाक्षर स्वयं सेवी शिक्षक रेशमा कंडरा के साथ पढ़ते हुए मिले। इस तरह उल्लास केंद्र बरोडा बाजार में भी स्वयं सेवी शिक्षक हीना चक्रधारी के साथ 6 असाक्षर पढ़ रहे थे। रेखराज शर्मा जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार सभी केन्द्र का अवलोकन किया गया। उक्त जानकारी ईश्वर चंद्राकर नोडल अधिकारी विकासखंड साक्षरता मिशन समिति महासमुंद ने दी है।

### कोसरंगी में गौ पूजन के साथ 33 पशुओं का किया गया उपचार

महासमुंद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाओं के मार्गदर्शन में ग्राम कोसरंगी के आर्ष गुरुकुल गौशाला में गौपूजन कार्यक्रम एवं निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 33 पशुओं का उपचार किया गया तथा 432 पशुओं को लम्पी स्किन डिजीज (एल.एस.डी.) बीमारी से रोकथाम के लिए टीकाकरण किया गया। इसके अतिरिक्त, 07 निकृष्ट पांडों का बधियाकरण कार्य भी सफलतापूर्वक किया गया। गौपूजन कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल पशुओं की चिकित्सा और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना था, बल्कि ग्रामीणों में पशुपालन एवं गौसंवर्धन के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना था।



### 18 को मनबाय में लगेगा अस्पृश्यता निवारणार्थ एवं सद्भावना शिविर

महासमुंद। आगामी 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मनबाय ग्राम पंचायत सोनापुटी में "अस्पृश्यता निवरणार्थ एवं प्रचार-प्रसार सद्भावना शिविर" का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों के कल्याण एवं उनके प्रति अस्पृश्यता के कलंक को मिटाना है। इस कार्यक्रम में "निबंध और भाषण प्रतियोगिता" का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमे उच्च विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। निबंध का विषय "अस्पृश्यता उन्मूलन हेतु संवैधानिक प्रावधान एवं उनका व्यावहारिक जीवन में प्रभाव" और भाषण का विषय "अस्पृश्यता समाज के लिए कलंक है" रखा गया है। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार और सामग्री के रूप में सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा शिविर का शुभारंभ प्रातः 10 बजे किया जाएगा, इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों पंथी नृत्य, सुवा नृत्य, और रावत नाचा का प्रदर्शन होगा। प्रातः 11 से 12 बजे तक छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 12 से 01 बजे अस्पृश्यता निवारण और सामाजिक सद्भावना पर चर्चा, दोपहर 01 से 02 बजे सहभोज का आयोजन, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ भोजन करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 03 बजे से 3.30 बजे तक विभिन्न विभागों द्वारा अनुसूचित जातियों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। दोपहर 3.30 से 4.30 बजे तक पंचायत और समाज सेवा विभाग द्वारा गीत, संगीत और नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात भाषण और निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार तथां समाज के विशिष्ट व्यक्तियों को सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन में ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने "अस्पृश्यता उन्मूलन, शिक्षा, चिकित्सा, और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान" दिया है। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सद्भावना और समानता का संदेश दिया जाएगा, ताकि समाज में भेदभाव और असमानता को समाप्त किया जा सके।

# चिरको महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के तत्वावधान में मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाविद्यालीयन छात्र-छात्राओं ने मानव अधिकार विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। बीएससी के छात्र प्रांजल ने मानव अधिकार का इतिहास एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के गठन एवं मानवाधिकार पर विचार प्रस्तुत किया। नुसरत फातमा ने भारतीय संविधान में उल्लेखित मूल अधिकारों, मोतिम धीवर व दामिनी खड़यि ने कविता के माध्यम से मूल अधिकार व कर्तव्य से अवगत कराया। लीला निर्मलकर, अन्नुलता साहू, कोमेश गोस्वामी ने भी एक धर्म संचालित एवं लोकतंत्र संचालित देश के संविधान में अंतर पर प्रकाश डाला। प्राचार्य दीवान ने अपने वक्तव्य में युद्ध व धार्मिक उन्माद को मूल अधिकारों की व्यवस्था के लिए बाधक बताया। विद्यार्थियों को ऐसे एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में उद्बोधन को छात्र-छात्राओं ने ध्यान से सुना एवं अपने अधिकार से ज्यादा मूल कर्तव्य पर प्राथमिकता देने की बात कही। डॉ जीवन लाल चंद्राकर ने आभार एवं कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में लता भोई कार्यक्रम अधिकारी रेडक्रास, अतिथि व्याख्याता राखी यदु, दीक्षा गजेन्द्र, लेब अटेंडेंट हेमलाल सोनवानी, रासेयो स्वयं सेवक एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आज से अंग्रेजी महाविद्यालय में पोषण महाविद्यालय संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाविद्यालयों में आगामी वर्षों में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शत प्रतिशत नामांकन दर्ज कराने के लिए पोषक विद्यालय संपर्क अभियान चलाया जाना है। इस आशय में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ अनुसुइया अग्रवाल (डी लिट) के निर्देशन में महासमुंद ब्लॉक के अंग्रेजी माध्यम में संचालित दो शासकीय व चार अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया है। महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा महाविद्यालयीन प्राध्यापकों की बैठक आयोजित कर नामांकन व प्रवेश विश्लेषण कर कार्यक्रम आयोजन कर रूपरेखा पर दिशा निर्देश प्रदान किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा चिन्हांकित विद्यालयों के प्राचार्य को पत्र प्रेषित कर सूचना दे दी गई है। प्राचार्य ने निर्देशित किया कि समस्त प्राध्यापक संपर्क अभियान कार्यक्रम के दरमियान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मौलिक अवधारणाओं एवं प्रावधानों, महाविद्यालय में संचालित पाठयक्रमों का विवरण, विशेषताओं, महत्व एवं उपादेयता, उपलब्ध संसाधन एवं सुविधाओं, शैक्षणिक गतिविधियों, महाविद्यालय में गठित प्रकोष्ठ यथा- एनएसएस/एनसीसीआई क्यूएसी, खेल, ग्रन्थालय, सांस्कृतिक एवं शोध की गतिविधियों तथा इसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में अर्जित उपलब्धियों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया जाए। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो प्रतिमा चंद्राकर, रवि देवांगन, तरुण कुमार बांधे द्वारा 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें प्रथम दिवस स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद एवं केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में जानकारी दी जाएगी।



### आशीबाई स्कूल में हुई विभिन्न प्रतियोगिता

महासमुंद। सरकार गठन के एक वर्ष पूरा होने पर शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में आयशा लतीफ एवं बेलामारू के मार्गदर्शन में हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में हाईस्कूल स्तर पर प्रथम सुहानी पटेल, द्वितीय कारिना साहू, तृतीय खिलेश्वरी ध्रुव रही। हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम नवीन धीवर, द्वितीय इशांत यादव तथा तृतीय लक्ष्मी सिन्हा रही। मेहंदी प्रतियोगिता में हाई स्कूल स्तर पर प्रथम अफसाना, द्वितीय आतिफया अली और तृतीय खुशी साहू रही। हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम थानेश्वरी यादव, द्वितीय प्रियंका देवांगन, तृतीय डॉली चंद्राकर रही। रंगोली बनाओ प्रतियोगिता के निर्णायक ज्योति किरण चंद्राकर, खोमान लाल चंद्राकार, विवेक राहटगवांकार रहे। मेहंदी बनाओ प्रतियोगिता के निर्णायक तपस्या शर्मा, निधि तिवारी एवं प्रज्ञा लांजेवर रही। कार्यक्रम में विमल कुमार मन्नाडे, डीके शर्मा, हेमंत खुटे, चंद्रशेखर मिथलेश, नोबल ध्रुव, दुर्गेश नंदनी यदु आदि का विशेष सहयोग रहा।

### कोडार में मनाया गया शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस

महासमुंद। छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ व अजाक्स के तत्वावधान में 10 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी, किसान नेता व अमर शहीद वीरनारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम अंतर्गत कोडार (जलाशय) स्थित प्रतिमा में माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएस दीवान से. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी थे। जीपी पाटिल अनु. विभागीय अधिकारी, मोती लाल मानेकर उप अभियंता कोडार जलाशय, शंकर लाल ध्रुव उपसरपंच कुकराडीह, खोशिल गेंद्रें ब्लॉक अध्यक्ष, एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव, एमएल ध्रुव जिला एवं ब्लॉक अध्यक्ष, महेश कुमार ध्रुव ज़िला महासचिव, टुकेश्वर सिंह ध्रुव, नीलकमल ध्रुव, उमेद ध्रुव, बीएस नेताम, बलराम ध्रुव, डमरूधर मांझी सभापति, सुरेंद्र ठाकुर, सेवक राम यादव, अशोक साहू, बहुर साहू, बलदाऊ ढीमर, भुनेश्वर साहू, हरिराम ढीमर, शिवराम ध्रुव, सोमन मरकाम, बिसत नेताम, श्यामलाल सारथी, मनहरण ठाकुर, घनश्याम कश्यप, शंभू लाल भट्ट, बृजराम ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान, अनेक स्कूलों में हुई परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित शासकीय महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शतप्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में दर्ज कराने के लिए पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आशय में महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन में महासमुंद ब्लॉक के 9 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया है। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ मालती तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा, सहायक नोडल अधिकारी डॉ ई पी चेलक द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान चलाया गया।

जिसके अंतर्गत आज प्रथम दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर में जानकारी दी गई। अजय कुमार राजा द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि महाविद्यालयों में स्वीकृत सीट पर शत प्रतिशत प्रवेश करने के लिए पोषक विद्यालय का चिन्हांकन करते हुए उच्चतर माध्यमिक के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमोंर-विषयों (एनईपी-2020), उपलब्ध सुविधाओं, प्रवेश प्रक्रिया, शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृति एवं अन्य लाभकारी योजनाएं, महाविद्यालयीन पूर्व छात्र-छात्राओं के उपलब्धियों- सफलताओं से अवगत कराना, वर्तमान उत्कृष्ट विद्यार्थियों से परिचर्चा आदि का आयोजन करना है। जिससे विद्यार्थी पहले से आगे क्या करना है उसको सुनिश्चित करके अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

डॉ. मालती तिवारी ने बताया कि 12 वीं के बाद विद्यार्थी अपने पढ़ाई के साथ साथ महाविद्यालय में होने वाले अन्य आवश्यक गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राष्ट्रीय कैडेट कोर, यूथ रेडक्रॉस इकाई, खेल जैसे गतिविधियों में भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है उसका भी लाभ विद्यार्थियों को मिलता है।



डॉ. ईपी चेलक ने बताया कि विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य प्राप्ति हेतु कुशल एवं ज्ञानी युवाओं की आवश्यकता है। अधिक से अधिक युवाओं को उच्च शिक्षा में अध्यापन कराना होगा। स्वीकृत सीट संख्या के विरूद्ध शत-प्रतिशत नामांकन दर्ज हेतु महाविद्यालय द्वारा ₹पोषक विद्यालय संपर्क अभियान₹ आरंभ किया जाना है।

संस्था के प्राचार्य पचेड़ा विजय घाडगे, प्राचार्य खट्टी शशि साहू, प्राचार्य शेर एसबी लाल के साथ में केवल साहू, शोभा दीवान सहित सभी विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे। इस अभियान में सहयोग के लिए सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थी ट्विंकल कन्नौजे, कमलेश्वरी साहू, भूमिका कन्नौजे, कक्षा 11वीं से धवल साहू, मुकेश कुमार पुरस्कृत हुए। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर में 11 वी एवं 12 वीं के विद्यार्थी नीलम हिरवानी, रागिनी साहू, आकांक्षा साहू, नेहा साहू, वर्षा, सोनिया पटेल पुरस्कृत हुए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी में विनीता सिन्हा, सूरज देवांगन, सौरभ चतुर्वेदी, मनीषा निषाद, आर्यन ढीढी, जया साहू पुरस्कृत हुए।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाई गई गीता जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में गीता जयंती मनाई गई। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गीता जयंती मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। यह सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है। इसी दिन महाभारत के युद्ध के मैदान में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को भगवत गीता का उपदेश दिया था। गीता में जीवन के दर्शन, कर्म योग, भक्ति योग और ज्ञान योग का विस्तृत वर्णन है। यह ग्रंथ न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस अवसर पर कौशल्या चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, अंजू चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, रुपेश चन्द्राकर आदि मौजूद रहे।



### शहीद वीर नारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा (संकुल पटेवा) में शहीद वीर नारायण सिंह को शहादत दिवस पर 10 दिसम्बर 2024 को शालेय स्टाफ व छात्रों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। शिक्षकद्वय दुष्यंत सिन्हा एवं कोमल दीवान ने छत्तीसगढ़ के महानायक क्रांतिकारी वीर नारायण सिंह के बारे में छात्रों को बताया कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आम जनता को जागृत किया और संगठित किया। उनके मन में गरीबों के प्रति संवेदना थी। उन्होंने देश और समाज के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों की आहूति दे दी। इस अवसर पर वीरनारायण ध्रुव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष नागेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे।

## निधन

### विश्वंभर चन्द्राकर



**महासमुंद।** खरोरा निवासी विश्वंभर चन्द्राकर (84) का निधन 11 दिसंबर बुधवार को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे वे बिसाहु चन्द्राकर, श्यामलाल चन्द्राकर, ऋषि चन्द्राकर, कांति चन्द्राकर के पिता थे।

**चर्चा:** जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए हुई समीक्षा बैठक

# अभिभावकों को बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासन के निर्देशन अनुसार प्रत्येक बच्चे को कक्षा पहली से जाति प्रमाण पत्र बनाना अनिवार्य है। जाति प्रमाण पत्र संबंधित संकुल प्रभारी गोवर्धन डडसेना ने पालकों को जानकारी दी। एसटी, एससी, ओबीसी के लिए जाति प्रमाण पत्र बनाना अनिवार्य है और शासन का लाभ आपको मिलेगा। दिनेश डडसेना प्रधान पाठक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बंसुला ने भी उक्त जाति प्रमाण पत्र संबंधित जानकारी दी गई। समस्त पालकों को अपने बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। जाति प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए बैठक आयोजित की गई।



बैठक में उपस्थित गोवर्धन डडसेना संकुल प्रभारी, दिनेश डडसेना प्रधान पाठक, आरके दास, भगवती जगत प्राचार्य, नंदिनी प्रधान उपप्राचार्य, उषा बीसी, हसीना बेगम, तनु निशा, हेमा साव, शबनम जौहरी, वसुधा साव, लोकेश कुमार भोई, हेमकुमारी साव, पालकगण मिनिकेतन साव, चंद्रमणि पटेल, उमेश प्रधान, सुशील कुमार पटेल, हीरासिंह ध्रुव, शोभाराम आत्माराम साव, हीरालाल यादव, माधुरी दीवान, मंजू ध्रुव, पृथ्वीराज प्रधान, गोपाल साकरे, सरोज नरेश प्रधान, नंदकिशोर सोनवानी, मनीष दास, जीता साव, पूजा, हीरा, केकाई चौहान, दुर्जन सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**बसना।** स्वर्गीय जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में प्राचार्य डॉ एसके साव के निर्देशन एवं रसायन विभाग की विभाग अध्यक्ष आरती साव के मार्गदर्शन में रसायन विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शब्या पटेल सहायक प्रध्यापक रसायन शास्त्र शासकीय महाविद्यालय सरायपाली उपस्थित रही। इस सेमिनार का टॉपिक था संकरण। सबसे पहले शव्या पटेल ने संकरण की परिभाषा विशेषता एवं उसके प्रकार को समझाते हुए कहा कि किस प्रकार दो परमाणु कक्षक आपस में मिलकर नये संकरित कक्षकों का निर्माण करते है। उन्होंने कहा कि किसी भी अणु के संकरण को ज्ञात कर हम उस अणु की संरचना, क्रियाशीलता व रासायनिक बंध के बारे में जान सकते हैं। साथ ही उन्होंने किसी भी अणु के संकरण को आसानी से निकलने की महत्वपूर्ण ट्रिक भी बतायी, जो कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। संकरण से संबंधित विद्यार्थियों ने कुछ प्रश्न भी पूछे, जिनका जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया। सेमिनार में गीतिका प्रधान, आकांक्षा भाई, निधि जोशी, मीनाक्षी साव, मुस्ताक खान व शशांक निर्मलकर उपस्थित रहे।



# स्मार्ट मीटर लगने के बाद दोगुना-तीन गुना आ रही बिल: निखिल

## जनता को लूटने स्मार्ट मीटर लगा रही सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू ने कहा कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिलिंग की शिकायतें मिल रही हैं। हालाकि, अभी स्मार्ट मीटर से रिचार्ज सिस्टम शुरू नहीं हुआ है, लेकिन जब से नया मीटर लगाए गए हैं, बिजली बिल की राशि दोगुने से तिगुना बिल आ रहा है। आम जनता त्राहिमाम कर रही है, लेकिन भाजपा सरकार पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस कार्यकाल में आम जनता को बिजली बिल हाफ योजना के तहत छूट प्रदान किया जा रहा था। जिससे जनता को राहत मिल रही थी।

निखिल ने कहा कि गरीब जनता पर स्मार्ट मीटर योजना थोपकर राज्य सरकार अदानी को फायदा पहुंचाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। जनता को परेशान करने के लिए जबरन इसे उनके घरों में लगाया जा रहा है। राज्य सरकार ने अदानी एनर्जी के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के 60 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का करार किया है। अब तक लगभग 50 फीसदी घरों में मीटर लगाए जा चुके हैं। सरकार के इशारे पर बिजली कंपनी स्मार्ट या प्रीपेड मीटर के माध्यम से आम लोगों का आर्थिक दोहन कर रही है। जनता के खून पसीने की कमाई की लूट के लिए घरों में जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है।

जनता द्वारा विरोध करने पर बिजली कनेक्शन ही काटने तथा जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। तथा जबरदस्ती सहमति पत्र भराया जा रहा है। जबकि, उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश है कि उपभोक्ता की इच्छा पर ही स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा। बिजली विभाग कोई जोर जबरदस्ती नहीं करेगा। जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाना न्यायालय की अवमानना है। भाजपा ने सरकार बनने से पूर्व 400 यूनिट तक खपत पर आधी बिजली बिल माफ करने की बात कही थी। लेकिन डबल इंजन की सरकार छग की जनता का जेब काट कर अपने मित्रों अडानी और अंबानी का झोला भर रही है।

### सुरक्षा निधि के नाम पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली


निखिल ने सुरक्षा निधि के नाम पर बिजली विभाग द्वारा ली जा रही अतिरिक्त राशि को भी जनता के साथ धोखा बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल प्रतिवर्ष आम जनता के जेब में कैंची मारने का काम सुरक्षा निधि के नाम पर किया जा रहा है। पूर्व में जमा सुरक्षा निधि और उस पर मिलने वाला ब्याज को घोटाले के रूप में डकार दिया जा रहा है। प्रतिवर्ष सुरक्षा निधि के नाम पर जनता से करोड़ों रुपया वसूली की जा रही है। एक तरफ महतारी वंदन के नाम पर आधे-अधूरे 1000 रुपए का भुगतान कर रही है। तो दूसरी ओर विद्युत मंडल सुरक्षा निधि के नाम पर उस राशि को वसूल कर रहा है। हर वर्ष नवंबर के बिल में ही जोड़कर विभाग द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में अवैध वसूली की जा रही है। इस बार विगत नवंबर माह के बिल में गरीब उपभोक्ताओं से 500 से 1500 रुपए तक सुरक्षा निधि ली गई है। सुरक्षा निधि के रूप में की जा रही इस अवैध वसूली से शहर के नागरिकों में आक्रोश है।

# व्यवहार विज्ञान और अंतर्दृष्टियों के संभावित अनुप्रयोगों पर हुई चर्चा

## राष्ट्रीय सूचना तकनीकी (एनआईटी) में आयोजित की गई राज्य स्तरीय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय सूचना तकनीकी (एनआईटी) संस्थान में व्यवहार अंतर्दृष्टि इकाई की राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में व्यवहार विज्ञान और अंतर्दृष्टियों के संभावित अनुप्रयोगों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में राज्य समिति के रायपुर संभाग के महासमुंद जिले से डॉ. सुरेश शुक्ला ने ज्वलंत आवश्यकता-आधारित विषयों का चिन्हांकन किया और उनके निवारण के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने विगत वर्षों में जिले में किए गए कार्यों की जानकारी साझा करते हुए भावी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एनआईटी के सहायक प्राध्यापक डॉ. शशिकांत तराई ने भी भाग लिया। बैठक के मुख्य आकर्षण में मुंबई स्थित फाइनल माइल संस्थान की विशेषज्ञ टीम शामिल रही। विशेषज्ञों अन्नेथा कशुगटी और रजुता काम्बोजकर ने विषय से संबंधित अद्यतन जानकारी और व्यवहार विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम अंतर्दृष्टियों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।



बैठक का उद्देश्य व्यवहार विज्ञान और अंतर्दृष्टि आधारित रणनीतियों का उपयोग कर राज्य के विकास कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाना था। विशेषज्ञों ने व्यवहार परिवर्तन के क्षेत्र में नवाचारों और तकनीकी उपकरणों के महत्व पर जोर दिया। यह बैठक भविष्य के लिए राज्य में व्यवहार अंतर्दृष्टि आधारित नीतियों को सुदृढ़ बनाने और समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, और विशेषज्ञों ने एक मंच पर आकर अपने विचार साझा किए।

### आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**महासमुंद।** 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान पूरे देश में दिनांक 26 नवंबर 2024 से जारी है जो कि 25 दिसंबर तक समस्त आयुष संस्थाओं में होगा। संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार व जिला आयुष अधिकारी जिला महासमुंद डॉक्टर प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में पूरे जिले में समस्त आयुष संस्थाओं में प्रकृति परीक्षण का कार्य जारी है। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, महासमुंद के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अनुसुइया अग्रवाल का प्रकृति परीक्षण किया गया। शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.सर्वेश दुबे द्वारा प्रकृति से संबंधित कार्यशाला में व्याख्यान दिया गया। पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ. रागनी गुप्ता व नर्सिंग सिस्टर मेरी रोस खाखा उपस्थित रहीं। डॉ.सर्वेश दुबे ने बताया कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा तथा आयुर्वेद को आम नागरिक तक पहुंच कर उनके जीवन शैली में आवश्यक बदलाव लाकर विभिन्न रोगों से निजात पाना संभव है।

### बेमचा में मनाई गई गीता जयंती

**महासमुंद।** अगहन शुक्ल एकादशी को गायत्री मंदिर बेमचा में गीता जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, गायत्री पूजन, कृष्ण भगवत, कृष्ण सखा एवं गीता के पूजन से हुआ। गीत संगीत के साथ भगत गुरुजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि युद्ध के मैदान में कृष्ण भगवान ने मोह ग्रस्तता से दूर करने के लिए पावन गीता का संदेश दिया। हम सबको हर स्थिति परिस्थिति में अपने अपने कर्तव्यों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। कभी भी भूलकर अपने अन्य भाइयों का हक नहीं छीनना चाहिए। स्वयं कष्ट उठाकर भी पांडवों ने धर्म एवं सत्य का मार्ग का ग्रहण किया, इसीलिए भगवान कृष्ण ने सत्य मार्ग का अनुसरण करने वालों का साथ दिया। अंत में सत्य की ही विजय हुई। इसके बाद युधिष्ठिर ने धर्म राज्य की स्थापना की। अंत में दीप यज्ञ एवं आरती हुई। कार्यक्रम में अशोक दुबे, भारत निषाद, शोभा निषाद, सुकालू निषाद, रविकांत चंद्राकर, चेतन चंद्राकर, भोला निषाद, देवचरण चंद्राकर, मनोज कहार, खेलन चंद्राकर, पूजा, गीतांजलि, राधा, नैना, सावित्री आदि का योगदान रहा। उक्त जानकारी समिति के रविकांत चंद्राकर ने दी है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में सल्डीह टीम बनीं विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

नरतोरी में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें फाईनल विजेता सल्डीह बसना व उपविजेता लक्ष्मीपुर रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान नेता हितेश चन्द्राकर, विशेष अतिथि आदिवासी युवा नेता हरीश दीवान, अध्यक्षता घनश्याम चन्द्राकर सरपंच नरतोरी, मुकेश चन्द्राकर अध्यक्ष सोसायटी मुनगासेर रहे। इस अवसर पर ग्राम सदस्य मधु बरिहा, राज चन्द्राकर, महेंद्र बरिहा, ज्ञानचंद, लोकू लोकनाथ, देवेन्द्र, सुसेन, मोनू, टिकेश, माधव, शिव, छबि, दौलत, देव, महेश, खेमसिंह, गोपाल, खिरोज, प्रमोद, क्षीरसागर, मुकेश, हीराराम, लीलाधर, देवचरण, नीलकंठ, किशोर, बलराम, हरीश जगत, भुनेश्वर चक्रधारी, गोपाल चन्द्राकर, डिगेश, रिखीराम बरिहा आदि मौजूद रहे।



### चेतना विकास मूल्य शिक्षा शोध शाला का आयोजन

**महासमुंद।** मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिए किस प्रकार टीएलएम अर्थात सहायक शिक्षण सामग्री बने, इस संबंध में चेतना विकास मूल्य शिक्षा शोध शाला का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा के मानवीयकरण के लिए प्रसिद्ध कोकडी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकडिया का मत रहा कि मटेरियल, मटेरियल है, यंत्र केवल यंत्र है, कितने भी अच्छे रोबोट बना ले, वो आदमी का स्थान नही ले सकता। उसको चलाने के लिए भी आदमी ही चाहिए। सरकारी स्कूलों में बहुत सारे खिलौने और पुस्तके आ रहे हैं, पांपलेट आ रहे हैं, लेकिन बच्चे इन पर ज्यादा रूचि नही लेते। इसके पीछे मुख्य कारण सहायक शिक्षण सामग्री का विकास मानवीय मूल्यों पर आधारित नहीं। शिक्षक का चरित्रपूर्वक जीना, बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए पहली प्राथमिकता और अनिवार्यता है। शिक्षक आने वाली पीढ़ी का निर्माता है, इसीलिए शिक्षक को नशा मुक्त, सदाचारी, कर्तव्य निष्ट, समय का पाबंद, न्याय, धर्म, सत्य की समझ, होना अति अनिवार्य है। सभा का संचालन डा. संकेत ठाकुर संचालक अभिभावक विद्यालय अछोटी ने किया। कार्यक्रम में मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिये शोधार्थी शिक्षकों के अलावा मानवीय शिक्षा शोध केन्द्र तेंदुवाही से राखी कोकडिया, गुलाब कन्हैया पटेल पिरदा, प्रियंका राकेश गुप्ता कर्नाटक, सुवर्णा योगेश शास्त्री मानवीय शिक्षा शोध केन्द्र परढा पुणे, सचिन स्वाती परमार समाजसेवी मध्यप्रदेश, मानवीय शिक्षा शोध केन्द्र रायगढ़ से शुक्लांबर पटेल, उत्सव पारा सांकरी से गौरी कृष्ण कुमार साहू, बेमेतरा से मुकेश देवांगन, आवंरी से चंद्रहास आदि मौजूद रहे।



### बड़ेटेमरी स्कूल में हुआ न्योता भोज

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला बड़ेटेमरी में न्योता भोज का आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, विकासखंड स्रोत समन्वयक डॉ पूर्णानंद मिश्रा, एबीईओ बद्रीविशाल जोल्हे, विनोद शुक्ला, लोकेश्वर सिंह कंवर, संकुल नोडल प्राचार्य शरद प्रधान के मार्गदर्शन में बसना विकासखंड के संकुल केन्द्र बड़ेटेमरी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बड़ेटेमरी में प्रधान पाठक वारिश कुमार और सहायक शिक्षक नीलम कुमार,मथामणि साहू के विशेष सहयोग से कक्षा पहली में अध्ययनरत छात्रा गोपिका दास के माता -पिता ने स्वप्रेरित होकर समस्त छात्रों को मिक्चर और गुलाब जामुन वितरण कर न्योता भोज कराया गया।

# बिरकोनी स्कूल में विश्व मानवाधिकार व वीर नारायण सिंह शहादत दिवस पर हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में विश्व मानव अधिकार दिवस और शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय महासमुंद से पहुंचे सहायक प्राध्यापक गण जेपी खटकर, ओंकारप्रसाद साहू, प्रेरणा एक्का, शिव साहू सहायक प्राध्यापक रावतपुरा विश्वविद्यालय रायपुर शामिल रहे खटकर ने आग्रह स्वीकार करते हुए छात्राओं को संबोधित कर मानव अधिकार के बारे में अवगत करवाया और बताया कि विश्व के समस्त देश के मानव अधिकार अलग अलग हो सकते है आज विश्व मानव अधिकार दिवस है। इसी अवसर पर शहीद वीरनारायण सिंह को शहादत दिवस पर नमन किया गया।

प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने बताया कि मनुष्य को संविधान से प्राप्त अधिकारों का उपयोग करना चाहिए, हर देश में मानव अधिकार दिवस अलग अलग मना सकते है लेकिन विश्व मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर को ही मनाया जाता है। व्याख्याता मनहरण लाल भट्ट ने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर छत्तीसगढ़ के बहुत से शासकीय स्थलों का नाम रखा गया है, शहीद वीरनारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम रायपुर, शहीद वीरनारायण सिंह बांध आदि और बताया कि उन्हें रायपुर के जय स्तम्भ चौक पर अंग्रेजों के द्वारा फांसी दे दी गई थी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। और मानव अधिकारों समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार के बारे में बताया। आभार प्रदर्शन व्याख्याता अनुपमा मानिकपुरी ने किया इस अवसर पर व्याख्याता रागिनी चंद्राकर, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहू, मनीषा तिर्की शिक्षक महेन्द्र कुमार ध्रुव, रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन कार्यालयीन कर्मचारी अजय यादव सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

# सेक्टर स्तरीय हैण्डबॉल महिला-पुरूष प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करूणा दुबे के निर्देश एवं दिलीप कुमार लहरे क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में सेक्टर स्तरीय हैण्डबॉल महिला/पुरूष प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम में हुई। प्रतियोगिता में कुल 04 टीमों ने भाग लिया। स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श महाविद्यालय, शासकीय महाविद्यालय भटगांव, शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा एवं शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें महिला वर्ग फाइल में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के बीच खेला गया। जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद विजयी रहा। पुरूष वर्ग में फाइनल मैच में शासकीय महाविद्यालय भठगांव एवं शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के मध्य खेला गया, जिसमें शासकीय महाविद्यालय भठगांव एवं शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद विजयी रहा। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया, जो कि कांकेर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद पुरूष वर्ग में 09 खिलाड़ी एवं तथा महिला वर्ग में 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ। इनके चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य करूणा दुबे, दिलीप कुमार लहरे क्रीड़ा अधिकारी, इमरान अली, कपिल पेन्दरिया, मुकेश पेन्दरिया, समस्त वरिष्ठ खिलाड़ी एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी ने हर्ष जताया है।



आवश्यकता हैं
हरिभूमि
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिये आवेदन आमंत्रित है
स्वयं का वाहन आवश्यक
रिपोर्टर, प्रसार प्रतिनिधि - 2
योग्यता - 12वीं से स्नातक, अनुभवी को प्राथमिकता
संपूर्ण बायोडाटा
Resume Email या Whatsapp करें
Cir.haribhoomi@gmail.com
8370049468, 8224035555
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
जिला ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड, बस स्टैण्ड बलौदाबाजार (छ.ग.)